प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वन्य जीव संरक्षण पर दिया बल—मोनाल पक्षी को गोद लेने की घोषणा की।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रदेश भाजपा ने जताई खुशी—कहा—मोदी सरकार की नीतियों पर लोगों ने लगाई मुहर।
- केंद्र सरकार की अटल पैंशन योजना के तहत अब तक 7 करोड़ से अधिक नामांकन दर्ज।
- कांग्रेस प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने एसजेवीएन पर लुहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों के हितों से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वन्य जीव संरक्षण पर बल देते हुए कहा है कि राज्य सरकार इनके संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। शिमला के गेयटी थियेटर में आज 73वें वन्यजीव सप्ताह के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने की जरूरत बताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के वनों और वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए जलवायु अनुकूल व संरक्षण कार्यक्रम भी लागू किए हैं। मुख्यमंत्री ने हिमाचल की समृद्ध जैव विविधता पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण के प्रयासों और इनके प्रति लोगों के अटूट स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के वनों में आग लगने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार इसकी रोकथाम के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार हिमाचल को ग्रीन राज्य बनाने के लिए काम कर रही है और वनों के संरक्षण के लिए वन मित्र व फॉरेस्ट गार्ड की भर्तियां की जा रही है ताकि वनों को बचाया जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ईको—टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसके दृष्टिगत देहरा में 6 सौ 80 करोड़ रुपये की लागत से एक अन्तरराष्ट्रीय स्तर के चिड़ियाघर के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मोनाल पक्षी को गोद लेने की घोषणा भी की। उन्होंने लोगों से प्रदेश के पार्कों और चिड़ियाघरों में रखे विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीवों को गोद लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने तीतर प्रजातियों के संरक्षण पर व्यापक अध्ययन करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति बनाने और प्रदेश के चिड़ियाघरों के लिए एकीकृत टिकट प्रणाली विकसित करने का ऐलान भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दुर्गेश अरण्य ज्यूलोजिकल पार्क और स्पिति वाइल्ड लाइफ डिविजन के लिए दो नई वेबसाइट का शुभारंभ भी किया।

बैठक

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज शिमला में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेले की तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को 13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित होने वाले दशहरा उत्सव के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कुल्लू प्रशासन को दशहरा मेले में भाग लेने वाले देवी—देवताओं के लिए उचित प्रबंध सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के दृष्टिगत तीन सौ गृहरक्षक और 8 सौ 70 पुलिस कर्मी तैनात किए जाएंगे।

चुनाव परिणाम

हरियाणा विधानसभा के लिए हुए चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी जबकि जम्मू कश्मीर में नेशनल कॉफ्रेंस व कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिला है। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार लगातार स्पष्ट बहुमत मिलने पर प्रदेश में भाजपा में खुशी की लहर है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल व शांता कुमार, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन और राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार सहित अन्य पार्टी नेताओं ने इस जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा को बधाई दी है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा ने इस बार हरियाणा में हैट्रिक लगा दी है जो अपने आप में एक रिकार्ड है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हरियाणा की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के नेतृत्व पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि ये केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों और उपलब्धियों पर जनता की मुहर है।

हमीरपुर ज़िला भाजपा सचिव विनोद ठाकुर ने हरियाणा में पार्टी की शानदार जीत पर कहा है कि हरियाणा में भाजपा को जवान, किसान और पहलवान सबका साथ मिला है। उन्होंने कहा कि भाजपा सबका साथ, सबका विकास, राष्ट्रवाद, हर जाति एक सम्मान का नारा बुलंद कर पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने में सफल हुई है।

यादविंदर गोमा

आयुष व खेल मंत्री यादविंदर गोमा ने आज कांगड़ा ज़िला के जयसिंहपुर में निर्मित एसडीएम आवास, पुस्तकालय व अतिथि गृह का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये पुस्तकालय विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर माध्यम होगा। गोमा ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगिण विकास करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान उन्होंने जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया।

अटल पेंशन योजना

अटल पेंशन योजना के तहत अब तक सात करोड़ से अधिक नामांकन हो गए हैं। पेंशन फंड नियामक और विकास प्राधिकरण द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष में अब तक 56 लाख से अधिक नामांकन हुए हैं। अटल पेंशन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए योगदान के आधार पर प्रति माह एक हजार से पांच हजार रुपये की पेंशन प्रदान करने की एक सामाजिक सुरक्षा योजना है। इसे वर्ष 2015 में शुरू किया गया था।

शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के साथ—साथ युवाओं को उनके घर द्वार के समीप बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा मंत्री ने आज चंबा ज़िले में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तेलका में स्कूल भवन के शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए शिक्षा व्यवस्था में बदलाव भी जरूरी है। रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने शिक्षकों के विभिन्न वर्गों की लगभग 3 हजार 5 सौ नई भर्तियां की हैं जबकि शिक्षा विभाग में 3 हजार पदों पर पदोन्नतियां की गई है। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने जनसमस्याएं भी सुनी और अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया।

कुलदीप राठौर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने एसजेवीएन पर लुहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों के हितों से खिलवाड़ करने का आरोप लगाया है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि इस परियोजना से रामपुर और ठियोग विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों के लोग प्रभावित हो रहे हैं। कुलदीप राठौर ने कहा कि प्रभावित परिवारों को अभी तक कोई मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि एसजेवीएन अपने करार के मुताबिक कार्य नहीं कर रहा है और करार में स्पष्ट तौर पर स्थानीय युवाओं को रोजगार देने की

बात कही गई थी जो पूरी नही हुई है। राठौर ने कहा कि शिमला के उपायुक्त की अध्यक्षता में एसजेवीएन के अधिकारियों के साथ हुई एक समीक्षा बैठक में उन्होंने इस परियोजना से प्रभावित लोगों की समस्याओं के निराकरण की मांग की है।

बुनकर प्रदर्शनी

कुल्लू जिला के विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के सर्वश्रेष्ठ बुनकरों द्वारा तैयार उत्पादों की चंबा के लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। चंबा जिला मुख्यालय में आयोजित मेले व प्रदर्शनी के दौरान हाथों से तैयार किए गए कुल्लवी शाल, मफलर, जैकेट, पायजामे, टोपियां व सूट बिक्री के लिए रखे गए हैं। सर्दियों के मौसम के दृष्टिगत लोग काफी संख्या में इस प्रदर्शनी वं मेले में पहुंचकर उत्पादों की खरीद कर रहे हैं। कारीगरों ने कहा कि ये उत्पाद स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने हाथों से तैयार किए हैं और इन पर 10 प्रतिशत की छूट का प्रावधान भी किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछले कई वर्षों से वह चंबा में इस तरह की प्रदर्शनी व बिक्री मेला लगा रहे है और लोगों का अच्छा रिस्पांस भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों ने स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को सरकार की तरफ से प्रोत्साहन देने की वकालत की है ताकि इन कारीगरों की आर्थिकी भी सुदृढ़ हो।

कार्यशाला

हिमाचल प्रदेश इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड द्वारा आज हमीरपुर में प्रदेश को पूर्ण हरित राज्य के रूप में स्थापित करने की ओर बढ़ते कदम विषय पर एक कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं को पंचायत स्तर तक पंहुचाना आवश्यक है ताकि आम लोगों को इनका लाभ मिल सके। इस दौरान स्टेट इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड लिमिटेड के प्रबन्ध निदेशक संदीप कुमार ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा गैर–परम्परागत स्त्रोतों का दोहन प्रदेश को पूर्ण हरित राज्य स्थापित करने की ओर महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सौर ऊर्जा, बायोगैस और हाईड्रोजन से ऊर्जा दोहन की ओर बढ़ रहा है। संदीप कुमार ने लोगों से सरकार द्वारा चलाई जा रही सौर ऊर्जा दोहन की योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया।

बस सेवा मांग

शिमला जिला भाजपा अध्यक्ष प्रेम ठाकुर ने प्रदेश सरकार से सोलन–पीरन–ठूंड बस सेवा को बहाल करने की मांग की है। एक बयान में प्रेम ठाकुर ने कहा है कि बीते 28 वर्षों से कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के पीरन गांव को चल रही बस सेवा बीते डेढ साल से बंद पड़ी है जिससे

विशेषकर पीरन और सतलाई पंचायतों की जनता प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही सोलन–पीरन–ठूंड बस सेवा को बंद कर दिया गया जो कि इस क्षेत्र की जनता के साथ बहुत बड़ा अन्याय है।

मुख्य समाचार एक बार फिर'

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने वन्य जीव संरक्षण पर दिया बल–मोनाल पक्षी को गोद लेने की घोषणा की।
- हरियाणा विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर प्रदेश भाजपा ने जताई खुशी–कहा–मोदी सरकार की नीतियों पर लोगों ने लगाई मुहर।
- केंद्र सरकार की अटल पैंशन योजना के तहत अब तक 7 करोड़ से अधिक नामांकन दर्ज।
- कांग्रेस प्रवक्ता कुलदीप राठौर ने एसजेवीएन पर लुहरी जल विद्युत परियोजना से प्रभावित लोगों के हितों से खिलवाड़ करने का लगाया आरोप।

––––––––––––––––––––––––––––––